समाचार

# कीट व जलजनित बीमारियों से बचने सावधानी बरतें–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से की अपील)

कोरबा 08 जुलाई 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि डेगू, मलेरिया, पीलिया जैसी कीट व जलजनित बीमारियों से बचने हेतु सतर्कता व सावधानी की जरूरत है, अतः बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं, घर के आसपास स्वच्छता रखें, कूलरों का पानी प्रतिदिन बदलें तथा घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें, पानी उबालकर पीयें, मच्छरदानी का उपयोग करें।

महापौर श्री प्रसाद ने कहा है कि वर्षा ऋतु के समय कीट व जलजनित बीमारियों की संभावनाएं बढ़ जाती है, अतः इन बीमारियों से बचने के लिए सावधानियां आवश्यक है, उन्होने कहा है कि डेंगू नामक बीमारी एडिज नामक मच्छर के काटने से होती है तथा यह मच्छर दिन के समय काटता है एवं स्थिर व साफ पानी में पनपता है, अतः कूलर पानी टंकी, पक्षियों के पीने के पानी बर्तन, फ्रिज की ट्रे आदि में पानी का जमाव न होने दें, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सूखाकर प्रयोग करें, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन, टायरों आदि में पानी जमा न होने दें, घरों के दरवाजें व खिड़कियों में जाली व परदे लगाएं। उन्होने अपील करते हुए आगे कहा है कि मलेरिया रोग से बचने के लिए घरों के नजदीक स्वच्छता बनाए रखें, मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों के आसपास गड्ढों में पानी व गंदगी जमा न होने दें, घर के शौचालय आदि की सफाई नियमित रूप से करें तथा बुखार आदि होने पर तुंरत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। पीलिया रोग से बचने के लिए दूषित सब्जी, बासी भोजन का उपयोग न करें, पानी उबाल कर पीयें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। उन्होने अपील करते हुए आगे कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करें, मास्क लगाकर घर से बाहर निकले तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग अनिवार्य रूप से अपनाएं।